p>

Title: Need to address the problems of entrepreneurs, weavers and unorganized workers engaged in handloom and powerloom industries in Bhiwandi Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री सुरेश काशीनाथ तवारे (भिवन्डी): मेरे लोक सभा क्षेत्र भिवण्डी (महाराष्ट्र) में हैण्डलूम एवं पावरलूम उद्योग क्षेत्र से जुड़े बुनकरों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। जबकि देश में सबसे ज्यादा कपड़े का उत्पादन इसी असंगठित क्षेत्र द्वारा ही किया जाता है और देश का लगभग 45 प्रतिशत पावरलूम सेक्टर महाराष्ट्र राज्य में है लेकिन इस क्षेत्र में बढ़ते विदेशी बाजारीकरण, असंतुलित बाजार, सही निर्यात नीति नहीं होने के कारण बुनकरों, उद्यमियों की हालत दिन-प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है। भिवण्डी में लगभग 5 लाख इकाइयां बंद होने के कगार पर हैं। जनता आंदोलन कर रही है। उद्यमी, बुनकर और आम जनता त्रस्त है।

अतएव सरकार से मांग है कि पावरलूम उद्योग क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों एवं बुनकरों के हितों का ध्यान रखते हुए तत्काल कार्रवाई की जाये एवं सूत के मूल्य का कम से कम एक महीने के लिए निर्धारण किया जाये।